# Amar Ujala

**Page No. 12 (Gzb.)** **Date: 9 March 2019**

## महिला दिवस पर की गई निशुल्क जांच

मुरादनगर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को आरोग्य तोहफा देने के लिए अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स अभियान के तहत आईटीएस में एक स्वास्थ्य जांच शिविर सह विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। अमर उजाला फाउंडेशन और आईटीएस डेंटल कॉलेज की तरफ से आयोजित इस कैंसर कैंप और टॉक शो में धर्मशीला कैंसर अस्पताल की टीम ने 38 महिलाओं के गर्भाशय और स्तन कैंसर के लिए पैप स्मीयर जांच की। जांच के बाद कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. सवेरा अहमद ने अपने व्याख्यान में गर्भाशय व स्तन कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की जानकारी दी और बचाव के उपाय बताए। आईटीएस के विंग सूर्या अस्पताल में 38 महिलाओं की सर्विक्स कैंसर और स्तन कैंसर की जांच की गई और सैंपल भी लिए गए। इसके बाद कैंसर विशेषज्ञ डॉ. सवेरा अहमद ने स्तन व गर्भाशय कैंसर के संबंध में आयोजित गोष्ठी में कहा कि वर्तमान समय में प्रदूषण, अनियमित और अस्वास्थकर खानपान, शारीरिक श्रम की कमी बीमारियों का प्रमुख कारण हैं। आईटीएस के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा और वीसी अर्पित चड्ढा ने सभी को धन्यवाद दिया। डॉ. विनोद सचदेवा, डॉ. विक्रम अरोड़ा, डॉ. इप्शिता मेनन मौजूद रहीं। मंच संचालन डॉ. रितु गुप्ता ने किया। कैंसर जैसी बीमारियों की जांच काफी मंहगी होती है। मगर आईटीएस व अमर उजाला के सहयोग से उनकी जांच निशुल्क हो गई। इसके लिए दोनों को धन्यवाद। आम जिंदगी में महिलाओं को खुद की सेहत के बारे मे सोचने का समय नहीं मिलता। इस प्रकार के आयोजनों से महिलाओं को काफी लाभ होता है। कैंसर जैसी भयावह समझी जाने वाले बीमारी के बारे में जानकारी लेकर बहुत अच्छा लगा। पुष्पा तिवारी, निशा शर्मा और शिमला ने अमर उजाला को धन्यवाद दिया। ब्यूरो

# Nav Bharat Times (Hindi)

Page No : 02 (Gzb) Date: 09 March 2019

## International Women's Day 2019



आईटीएस कॉलेज में महिलाओं को सम्मानित करते अतिथि।

# महिला रोगों की दी जानकारी

**एनबीटी न्यूज, मेरठ रोड :** आईटीएस डेंटल कॉलेज में शुक्रवार को विश्व महिला दिवस मनाया गया। इस मौके पर महिला रोगों की जानकारी देने के साथ उनसे बचने के टिप्स भी बताए गए। कार्यक्रम में डॉ. सवेरा अहमद ने कैंसर रोग के बारे में बताया। साथ ही गर्भाशय ग्रीवा व स्तन कैंसर की जांच कैसे की जाए, इसका लाइव प्रसारण भी करके दिखाया। कॉलेज की तृतीय व चतुर्थ श्रेणी की महिला कर्मचारियों की फ्री जांच की गई। उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर भी डॉ.सवेरा अहमद ने दिए।